हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 मार्च 2026

04 फल-सब्जी विक्रेताओं ने सीएमओ पर लगाए...



07 शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों...





## समाचार संक्षेप

### घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर कार्रवाई 2 सिलेंडर व रिफिलिंग उपकरण जब्त

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला प्रशासन ने घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग पर सख्त कार्रवाई की है। 23 मार्च को जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडेय के निर्देशन एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी के नेतृत्व में राजकुमार खटीक की दुकान (कैंट क्षेत्र) से 2 घरेलू गैस सिलेंडर और एक रिफिलिंग उपकरण जब्त किया गया।



राजकुमार खटीक पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।जांच दल ने शहर के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट और हलवाई प्रतिष्ठानों की भी सघन जांच की। इस दौरान सागर मिष्ठान भंडार (कैंट), भल्ला किराना (शीतला माता), सरदार गैस रिपेयरिंग (हाट रोड), साउथ इंडियन अन्ना डोसा (लक्ष्मीगंज), न्यू एटूजेड रिपेयरिंग (लक्ष्मीगंज), राजपूत गैस रिपेयरिंग (लक्ष्मीगंज) और जैन वेलकम होटल (बूढ़े बालाजी) सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।जांच में अधिकांश प्रतिष्ठानों में भोजन और नाश्ता बनाने के लिए डीजल भट्टी, कोयला भट्टी और इंडक्शन का उपयोग पाया गया। जांच दल ने संचालकों को अधिक से अधिक इंडक्शन और डीजल भट्टी के उपयोग के साथ-साथ जहां पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां कनेक्शन लेने के निर्देश दिए।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और उनके अवैध दुरुपयोग को रोका जा सके।

### वरिष्ठ नागरिक परिसंघ अधिवेशन, गुना के बृजेश श्रीवास्तव बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**गुना ।** अमरकंटक के गायत्री शक्तिपीठ परिसर में आयोजित वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के त्रैवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में गुना जिले का दबदबा रहा। अधिवेशन में सर्वसम्मति से प्रदेश की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ, जिसमें गुना के



जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव को प्रदेश उपाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 23 जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। अधिवेशन के दौरान गुना जिले द्वारा रिकॉर्ड 151 आजीवन सदस्य बनाए जाने पर राष्ट्रीय महामंत्री चंद्रकांत पांडे और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप गोलवलकर सहित मंचासीन अतिथियों ने जिले की टीम को विशेष बधाई दी। साथ ही, 28 फरवरी को गुना में गठित नवीन जिला कार्यकारिणी का भी प्रांतीय स्तर पर अनुमोदन किया गया। समारोह में गुना से नवीन जिला अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पी.एम. अत्रे और के.के. झा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर व्यास ने किया, जिन्होंने संगठन के मूल मंत्र संपर्क, संवाद और सेवा पर प्रकाश डाला।

### दो परिवारों ने शोक को सेवा में बदला, नेत्रदान से चार नेत्रहीनों के जीवन में आएगी रोशनी

**गुना ।** शहर में मानवता और सेवा की एक अद्भुत मिसाल पेश करते हुए दो प्रतिष्ठित परिवारों ने शोक की घड़ी में एक



अत्यंत साहसिक निर्णय लिया। बंसल और राठी परिवार की दो दिवंगत महिलाओं के नेत्रदान से अब चार जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन का अंधेरा दूर हो सकेगा। जानकारी के अनुसार मनोरमा बंसल (माताजी अश्विनी-प्रीति बंसल एवं चाचीजी अतुल अग्रवाल और आशा राठी धर्मपत्नी लायन परमानंद राठी एवं माताजी आयुष-सृष्टि राठी के दुखद निधन के उपरांत, उनके परिजनों ने समाजहित में नेत्रदान का संकल्प लिया। लायंस नेत्र चिकित्सालय और जेसीआई इंडिया जोन-6 के ब्लिंक भारत प्रोग्राम के समन्वय से यह पुनीत कार्य संपन्न हुआ। अतुल अग्रवाल और महेंद्र महेश्वरी की सूचना पर लायंस नेत्र चिकित्सालय के चेयरमैन आलोक अग्रवाल ने तत्काल चिकित्सकों की टीम भेजी। डॉक्टर पूजा राजपूत, ईश्वरी जादौन और कमल की टीम ने सफलतापूर्वक कॉर्निया प्राप्त किया।

## गुना प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा को राज्य स्तरीय सम्मान मिला

### अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह, उनकी 76वीं जयंती के अवसर पर सीहोर में संपन्न हुआ। जिसमें राज्य स्तरीय सम्मान गुना प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा को प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार प्रोफेसर मनोज कुमार थे। अध्यक्षता जिला प्रेस क्लब सीहोर के अध्यक्ष राकेश राय ने की। विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के ख्यातिनाम ज्योतिषाचार्य पंडित रामचंद्र मिश्रा इंजीनियर बाबा थे। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम स्वर्गीय अंबादत भारतीय तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रघुवर दयाल गोहिया ने दी। कार्यक्रम में राष्ट्र स्तरीय सम्मान डिजियाना मीडिया ग्रुप समूह के सीएमडी सुखदेव सिंह




घुम्मन इंदौर को दिया गया। तथा जिला स्तरीय सम्मान सीहोर जिला ब्यूरो चीफ विनीत दुबे को दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर व संपादक मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारों को निष्पक्षता के साथ अपना कार्य करना चाहिए। किसी के दबाव में नहीं आना चाहिए। पत्रकारिता आम आदमी के लिए होना चाहिए। बिना बात किसी पर आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाना चाहिए। पत्रकारिता गांधीवादी तरीके से होना चाहिए जो आज के समय में और अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि सभी पत्रकारों को एकजुट होना चाहिए। अंत में उन्होंने अच्छे आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय ने कहा कि सीहोर जिले के पत्रकार अपना कार्य साधनों के अभाव में भी बेहतर ढंग से कर रहे हैं। आजादी के बाद से आज तक उनके लिए एक छत भी उपलब्ध नहीं है। मेरा विचार है कि हमारे परिवार से अनुमति लेकर एक प्लाट पर प्रेस क्लब का एक भवन बनाया जाना चाहिए। इसके लिए मैं हमेशा सहयोग देता रहूंगा। प्लाट का चयन करने के लिए कुछ वरिष्ठ पत्रकार साथियों को जल्दी ही हम जमीन भी दिखाएंगे। राय की इस घोषणा का सभी पत्रकारों ने करतल ध्वनि से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में भोपाल, गुना, राजगढ़, विदिशा सहित सीहोर जिले के पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर प्रदीप चौहान ने किया अंत में सभी का आभार वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र श्रीवास्तव ने माना।

### शीतला माता मंदिर क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला

# शव फंदे पर लटका रहा, परिजन आरोप-प्रत्यारोप में उलझे रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत शीतला माता मंदिर क्षेत्र में सोमवार सुबह मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहाँ एक 47 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, लेकिन घटना के बाद जो मंजर दिखा उसने सबको हैरान कर दिया। घर में मातम के बजाय परिजनों के बीच एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया, जो घंटों तक चलता रहा।

#### नशे की हालत में उठाया आत्मघाती कदम

मृतक की पहचान शीतला माता मंदिर निवासी राजू (47 वर्ष), पिता शिवचरण सेन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राजू ने रविवार की देर रात घर के एक सूने कमरे में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों को इसकी जानकारी मिली, तो घर में कोहराम मचने के बजाय कलह शुरू हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने शव को फंदे से नीचे उतारा, लेकिन विडंबना यह रही कि अगले दो घंटों तक कोई भी परिजन शव के साथ अस्पताल जाने को तैयार नहीं था। घटनास्थल पर ही परिवार के लोग एक-दूसरे को इस मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए आपस में भिड़ते रहे।

#### जांच से भी किया इनकार

काफी जद्दोजहद के बाद कुछ परिजन जिला अस्पताल पहुँचे, जहाँ शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कोतवाली पुलिस को दिए बयानों में परिजनों ने दलील दी कि राजू ने अत्यधिक शराब के नशे में यह कदम उठाया है। चौंकाने वाली बात यह रही कि परिजनों ने पुलिस से इस मामले में कोई भी मर्ग जांच न करने की लिखित मांग की। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद शव उन्हें सौंप दिया है।

### दिनभर मजदूरी कर घर लौटा मिस्त्री रात में फंदे पर झूला सोता रह गया परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बमोरी बुजुर्ग में सोमवार की सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई। यहाँ एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस समय उसने यह आत्मघाती कदम उठाया, उस वक्त उसकी पत्नी और बच्चे गहरी नींद में थे और उन्हें भनक तक नहीं लगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान बाबूलाल लोधा के रूप में हुई है, जो पेशे से राजमिस्त्री (मकान निर्माण कारीगर) था। रविवार को बाबूलाल हमेशा की तरह काम पर गया था और शाम को घर लौटा था। उसी दौरान उसकी पत्नी भी दिनभर खेत में गेहूं की फसल काटकर वापस आई थी। पूरे परिवार ने साथ बैठकर भोजन किया और फिर सोने चले गए। रात के किसी पहर में जब सब सो रहे थे, तब बाबूलाल ने अपनी साफी (तौलिया) का फंदा बनाया और कमरे की छत में लगे लोहे के एंगल के सहारे झूल गया। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जब पत्नी और बच्चों की नींद खुली, तो सामने का मंजर देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बाबूलाल को फंदे पर लटका देख घर में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर ग्रामीण एकत्रित हुए और तुरंत कैंट थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

## गाय का सिर काटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

### बुलडोजर कार्रवाई की मांग पर थाने में जुटे गोसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र इंडस्ट्रियल एरिया में गोवंश के बछड़े का सिर काटे जाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किए जाने की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में गोसेवक कैंट थाने पहुंच गए और जमकर विरोध जताया। आक्रोशित लोगों ने आरोपियों का जुलूस निकालने और उनके मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग उठाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए धारा 187 बीएनएसएस के तहत आवेदन भी प्रस्तुत किया है। पुलिस के मुताबिक अपराध क्रमांक 149/2026 में धारा 325 बीएनएस के साथ गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 और 9 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



गिरफ्तार आरोपियों में इरशाद (35) निवासी जोशी कॉलोनी छाबड़ा (राजस्थान) हाल हड्डीमील गुना, आसिफ (21) और शाहरुख (25) निवासी हड्डीमील गुना शामिल हैं। तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया।गौरतलब है कि 6 मार्च को इंडस्ट्रियल एरिया में गौवंश का कटा हुआ सिर मिलने से पूरे शहर में सनसनी फैल गई थी।

मौके पर पहुंचे गोसेवकों और स्थानीय लोगों ने आसपास के क्षेत्र में काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन पशु का धड़ नहीं मिला। बाद में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बछड़े का सिर किसी धारदार हथियार से पेशेवर तरीके से काटा गया था, जिससे यह घटना सामान्य नहीं बल्कि सुनियोजित प्रतीत हुई। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी गौसेवकों का आक्रोश शांत नहीं हुआ। थाने पहुंचे लोगों ने पुलिस पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि छोटे मामलों में पुलिस तुरंत जुलूस निकालती है, लेकिन इतने गंभीर अपराध में सख्ती क्यों नहीं दिखाई जा रही। उन्होंने चेतावनी दी कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया अपनाई गई है। साथ ही प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक संपन्न अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में संचालित योजनाओं, व्यवस्थाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को 95 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान को तेज करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने प्रत्येक ब्लॉक में न्यूनतम 100 बच्चों को लक्ष्य




बनाकर टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने एवं उसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही टीएल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत संभावित अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेयजल की संभावित समस्या को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत एवं निराकृत करने के निर्देश दिए गए। उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान मंडियों में पेयजल, टेंट, सुरक्षा एवं पंजीयन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गेहूं के सत्यापन को सही तरीके से करने के निर्देश दिए गए।आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए धार्मिक स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स की तैनाती के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कन्याल ने नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए दोषियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए।बैठक में जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित क्षेत्रों में कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

## आपातकालीन सेवा की मिसाल बना जिला चिकित्सालय गुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य अमले द्वारा त्वरित एवं कार्रवाई करते हुए एक गंभीर रूप से बीमार प्रसूता की जान सफलतापूर्वक बचाई गई। जिला चिकित्सालय, गुना में डॉक्टरों की तत्परता, कुशल निर्णय क्षमता एवं आईसीयू टीम की सतत निगरानी से यह जीवनरक्षक उपचार संभव हो सका।प्राप्त जानकारी के अनुसार संध्या सेन (उम्र 21 वर्ष), पति नरेश सेन, को प्रसव पीड़ा की अवस्था में जिला चिकित्सालय के डिलीवरी रूम में लाया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि गर्भस्थ शिशु की गर्भ में ही मृत्यु (IUD) हो



चुकी थी, जिसके कारण शरीर में गंभीर संक्रमण (सेप्सिस) तेजी से फैल गया और मरीज की स्थिति अत्यंत नाजुक हो गई। अस्पताल पहुंचने के समय मरीज का ऑक्सीजन स्तर मात्र 50 प्रतिशत था तथा वह अचेत अवस्था में थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने तत्काल निर्णय लेते हुए मरीज को आईसीयू में भर्ती किया एवं वेंटिलेटर सपोर्ट प्रदान किया।डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं आईसीयू टीम की निरंतर निगरानी, सघन उपचार और अथक प्रयासों से मरीज की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ। वर्तमान में मरीज की हालत स्थिर है एवं शीघ्र ही अस्पताल से छुट्टी दिए जाने की योजना बनाई जा रही है। यह घटना जिला चिकित्सालय गुना की सुदृढ़ आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था, चिकित्सकों की संवेदनशीलता एवं स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो आमजन के लिए भरोसे का केंद्र बनती जा रही है।

### आज से विद्यारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में जिले में 24 मार्च 2026 से "विद्यारंभ कार्यक्रम" का शुभारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ना एवं उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व बच्चों की रैली निकाली जाएगी, जिससे आमजन में जागरूकता लाई जा सके। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों को किशोरी बालिकाओं, सहायिकाओं एवं बच्चों की सहायता से रंगोली, पोस्टर आदि से सजाया जाएगा।

### गुना में भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

# कार्यकर्ताओं को संगठन व विचारधारा का प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गुना द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओं के पंजीयन से हुई, जिसके बाद अतिथियों ने दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया।मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुआ, जिसके बाद स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। दो दिवसीय





प्रशिक्षण के दौरान कुल आठ सत्र आयोजित किए गए।द्वितीय दिवस के पांचवें सत्र की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय कॉफी बोर्ड के सदस्य मनोज दुबे उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीतियों, विचारधारा एवं संगठन की कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी।वक्ताओं ने बताया कि भाजपा की शुरुआत जनसंघ के रूप में हुई थी और आज यह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है, जो पूर्व नेताओं के त्याग और तपस्या का परिणाम है। इस दौरान एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मूल मंत्र को रेखांकित करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की बात कही गई।प्रशिक्षण वर्ग में आईटी, बूथ मैनेजमेंट, संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ता निर्माण जैसे विषयों पर भी प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों सहित अन्य वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, नगर मंडल महामंत्री नीरज जैन, हरीश उर्रिया, मंडल उपाध्यक्ष शिवम दुबे, शैंकी, अर्पित शर्मा, धर्मेंद्र प्रजापति, मंडल मंत्री अभय शर्मा, शैलेश कुशवाहा, लक्की खटिक, रवि राठौर, मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा, अभिषेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**समाचार संक्षेप**

## स्वर्णकार समाज ने धूमधाम से मनाया गणगौर पर्व, निकला भव्य जुलूस



**चाचौड़ा।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वर्णकार समाज द्वारा गणगौर पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से भव्य गणगौर जुलूस निकाला गया। जुलूस दुर्गा मंदिर पहुंचा, जहां मां गणगौर की विधिवत पूजा-अर्चना की गई।पूजा के पश्चात समाज की सभी महिलाओं ने गणगौर माता को गोपिका गार्डन तक लेकर गईं, जहां समाजजनों द्वारा मां गणगौर का स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत और नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।प्रदेश कोषाध्यक्ष सुधा सोनी ने बताया कि स्वर्णकार समाज हर वर्ष इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाता है। वहीं समाज की नगर अध्यक्ष शोभा सोनी ने सभी को गणगौर पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मां गणगौर का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, ऐसी कामना की।कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## कुम्भराज में 16 दिवसीय गणगौर पर्व की धूम महिलाओं ने उत्साह और श्रद्धा से निभाई परंपरा

**कुम्भराज।** राजस्थान की परंपरा से जुड़ा सुहागिन महिलाओं का प्रमुख पर्व गणगौर कुम्भराज में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व 16 दिनों तक चलता है, जिसके पीछे भगवान भगवान शिव और माता पार्वती की पौराणिक कथा का विशेष महत्व माना जाता है।मान्यता के अनुसार, एक बार शिव-पार्वती पृथ्वी भ्रमण पर आए, जहां सुहागिन स्त्रियों ने चांदी के थाल सजाकर उनका पूजन किया। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर माता पार्वती ने उन्हें अखंड सौभाग्य का वरदान दिया। इसी परंपरा के तहत महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।पर्व के दौरान होली की भस्म या बालू से शिव-पार्वती की प्रतिमा बनाकर 16 दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।प्रतिदिन सायंकाल गायत्री मंदिर से माहेश्वरी पंचायती मंदिर तक नगर के प्रमुख मार्गों पर गाजे-बाजे और मंगल गीतों के साथ शोभायात्रा निकाली गई।इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी नजर आईं और नृत्य-गीतों के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट की। वहीं, अविवाहित कन्याओं ने सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए गणगौर पूजन किया। पूरे आयोजन के दौरान महिलाओं में उत्साह, उमंग और उल्लास देखने को मिला।पर्व के अंतिम दिनों में गण और गौरा का विशेष श्रृंगार कर विभिन्न पकवानों का भोग लगाया गया, आरती उतारी गई और प्रसादी के रूप में सहभोज का आयोजन किया गया। अगले दिन विधिवत विसर्जन किया गया।भक्ति और लोकगीतों के संगम से सजे इस पर्व ने जहां वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता को भी मजबूत किया। नई पीढ़ी की सहभागिता ने आयोजन को और अधिक जीवंत बना दिया।



# फल-सब्जी विक्रेताओं ने सीएमओ पर लगाए परेशान करने के आरोप, कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

चाचौड़ा-बीनागंज नगर परिषद क्षेत्र के थोक फल एवं सब्जी विक्रेताओं ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) पर अनावश्यक रूप से परेशान करने के आरोप लगाते हुए कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में विक्रेताओं ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई की मांग की है।विक्रेताओं ने बताया कि सीएमओ द्वारा उन्हें बार-बार नोटिस एवं मौखिक रूप से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं, जबकि संबंधित भूमि पर वर्तमान में अस्थायी फल एवं सब्जी मार्केट संचालित है। उनका कहना है कि यह भूमि नगर परिषद को फल-सब्जी मंडी के लिए ही आवंटित की गई है।शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 259 के अनुसार आमजन की सुविधा के लिए उपयुक्त स्थान पर मंडी स्थापित की जानी चाहिए, लेकिन इसके विपरीत विक्रेताओं को हटाया जा रहा है और कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं कराई गई है।विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि अधिनियम की धारा 179 के तहत सार्वजनिक निर्माण का प्रावधान होने के बावजूद अब तक किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया गया है। इसके चलते व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।विक्रेताओं ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। शिकायत पत्र के साथ नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज के पार्षदों का पंचनामा भी संलग्न किया गया है। आवेदन देने वालों राजेश माली, मुकेश कुमार माली, राजू शिवहरे, अशोक कुमार, पप्पू लाल माली, बाबूलाल माली आदि शामिल है।



# लखनवास में संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

ग्राम पुरा लखनवास स्थित शांति आश्रम छतरी सरकार श्री हनुमान जी मंदिर परिसर में संगीतमय रामायण आधारित श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पावन आयोजन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर नित्य गोपाल दास महाराज (अयोध्या) की प्रेरणा, भगवान पुरी महाराज एवं सियाराम दास त्यागी महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है।कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका किशोरी प्रिया रामायणी तिवारी द्वारा संगीतमय शैली में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रथम दिवस पर रामचरितमानस के माध्यम से रामायण के महात्म्य का विस्तृत वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्त भक्ति रस में सराबोर हो गए।कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान विशन सिंह मीना (ग्राम लखनवास) हैं, जबकि समस्त क्षेत्रवासी इसके आयोजक हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री राम कथा का श्रवण करने और धर्म लाभ लेने की अपील की है।यह आयोजन भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से ओत-प्रोत होने का विशेष अवसर बन रहा है।

**पहले दिन रामायण का माहात्म्य सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर**

# आरोन में शहीद दिवस पर भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि

## विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

सोमवार को आरोन के भगत सिंह चौक पर देश के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।सभा को संबोधित करते हुए भगत सिंह यादगार मंच के सदस्य महेंद्र नायक ने कहा कि ब्रिटिश शासन की लंबी गुलामी से मुक्ति के लिए देश में जबरदस्त आक्रोश था। स्वतंत्रता आंदोलन में एक ओर समझौतावादी धारा थी, जबकि दूसरी ओर गैर-समझौतावादी धारा, जिसका नेतृत्व सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी कर रहे थे।उन्होंने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों ने ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां सभी को समान अधिकार मिले और जाति-धर्म के नाम पर भेदभाव न हो। आज जरूरत है कि उनके विचारों को समझते हुए समाज में जागरूकता लाई जाए।वक्ताओं ने वर्तमान सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मजदूर, किसान और युवाओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में क्रांतिकारियों के विचारों से प्रेरणा लेकर जनजागरूकता बढ़ाना जरूरी है।सभा में डॉ. गोयल, सेवाराम नौरोजी, हरभजन सिंह, जितेंद्र सिंह, रणवीर, अंशुल और अजयपाल सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हजरत अहिरवार ने किया।


## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से 6 बच्चों को जीवनदान

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर, के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले के हृदय रोग से ग्रसित बच्चों को निःशुल्क एवं उन्नत उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी पहल की गई है। दिनांक 22 मार्च को संदिग्ध हृदय रोग से ग्रसित बच्चों को अरविंदो मेडिकल कॉलेज से बस द्वारा शिवपुरी रोटरी कैंप ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी बच्चों की इको जांच की गई। जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक विनीता सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच उपरांत 2 बच्चे पूर्णतः सामान्य पाए गए, 8 बच्चों को मेडिकल मैनेजमेंट पर रखा गया, 1 बच्चे को उच्च स्तरीय उपचार हेतु मुंबई के हायर सेंटर रेफर किया गया, जबकि 6 बच्चों में हृदय शल्य चिकित्सा की आवश्यकता पाई गई। इन 6 बच्चों की हृदय सर्जरी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्णतः निःशुल्क कराई जाएगी।

# श्री राम महायज्ञ को लेकर राघौगढ़ में रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग, दिग्विजय सिंह को भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

ग्राम भैंसाना में 18 मई से 28 मई 2026 तक आयोजित होने वाले श्री राम महायज्ञ के विराट आयोजन को लेकर रेल सुविधाओं में एक माह के लिए विस्तार की मांग उठी है। सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति, भोपाल मंडल के सदस्य विजय कुमार जैन ने इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को विस्तृत पत्र भेजा है।पत्र में विजय कुमार जैन ने बताया कि साडा कॉलोनी राघौगढ़ से गेल विजयपुर मार्ग पर स्थित रेल गेट को बंद कर अंडरपास बनाया गया है, जो यज्ञ स्थल तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने आशंका जताई कि अंडरपास से भारी यातायात निकलना संभव नहीं होगा, जिससे जाम की स्थिति बन सकती है। ऐसे में मई माह के दौरान बंद रेल गेट को अस्थायी रूप से चालू करने की मांग की गई है।इसके अलावा, बीना-नागदा एक्सप्रेस ट्रेन के राघौगढ़ हाल्ट स्टेशन पर वर्तमान 1 मिनट के स्टॉपेज को बढ़ाकर 5 मिनट करने तथा इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी की 10 बोगियां जोड़ने की मांग की गई है। वहीं, कोटा-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन का एक माह के लिए 2 मिनट का ठहराव राघौगढ़ हाल्ट पर देने और इसमें 5 सामान्य बोगियां बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा गया है।विजय कुमार जैन ने बीना-रुठियाई मेमू ट्रेन को मई माह में मक्सी तक विस्तारित करने, इसके 24 घंटे में चार फेरे चलाने तथा राघौगढ़ हाल्ट स्टेशन पर 10 मिनट का स्टॉपेज देने की भी मांग की है।इस मांग पत्र की प्रतिलिपि विधायक राघौगढ़ जयवर्धन सिंह, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी को भी भेजी गई है।



# महाविद्यालय को एनर्जी स्वराज फाउंडेशन ने ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में हब बनाने का गौरव प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर ने सतत विकास एवं ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करते हुए फिनाइट अर्थ मूवमेंट के अंतर्गत एनर्जी स्वराज फाउंडेशन, मुंबई का आधिकारिक क्लाइमेट एक्शन हब बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह फाउंडेशन प्रख्यात सौर वैज्ञानिक एवं प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी द्वारा स्थापित किया गया है, जो पूर्व में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे में प्रोफेसर रह चुके हैं।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि संस्थान को एनर्जी स्वराज फाउंडेशन का अकादमिक पार्टनर भी घोषित किया गया है। इसके साथ ही महाविद्यालय का नाम एवं लोगो अब फाउंडेशन की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है। देशभर के



विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच यह महाविद्यालय 35वाँ अकादमिक पार्टनर बनकर उभरा है, जो अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। प्राचार्य ने आगे जानकारी दी कि महाविद्यालय के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप ऊर्जा साक्षरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। अब तक 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पंजीकरण कराया, जिनमें से लगभग 900 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर क्षेत्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित किए।

इन विद्यार्थियों ने स्थानीय समुदाय के बीच जाकर ऊर्जा संरक्षण, सौर ऊर्जा के उपयोग तथा सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया। इस पहल की प्रभारी, डॉ. दीक्षा भट्ट, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) एवं विज्ञान संकाय प्रभारी, ने बताया कि महाविद्यालय के सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रमों को इस प्रशिक्षण के साथ प्रभावी रूप से एकीकृत किया गया। विज्ञान संकाय के समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करते हुए उन्हें क्षेत्रीय स्तर पर कार्य करने हेतु प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप यह अभियान व्यापक स्तर पर सफल रहा। महाविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा जागरूकता के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बताते हुए भविष्य में और अधिक सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया।

**आर्यिका मां सृष्टि भूषण ने नाम रोशन किया**

# नगर गौरव का अवतरण दिवस पर श्रद्धालुओं ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

परम पूजनीय जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका105 सृष्टि भूषण माताजी संयम वर्ष वर्द्धन दिवस 26 मार्च एवं अवतरण दिवस 23 मार्च को अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज नगर में उनके अवतरण दिवस पर श्रद्धालुओं द्वारा उन्हें याद किया गया।

उल्लेखनीय रहे की 62 वर्षीय पूज्य आर्यिका 105 श्री सृष्टि भूषण माताजी जी, पूज्य माता जी ने भारतवर्ष के मध्य अरे यार कोईप्रदेश प्रांत की रत्नमय मुंगावली की धरा पर 23 मार्च सन 1964 चैत्र शुक्ला नवमी को श्रद्धेय पिताश्री कपूर चंद जी एवं माता श्री पदमा देवी के घर में जन्म लिया, मनीषा सुलोचना यह परिवार की तीसरी संतान थी।

**जीवन का टर्निंग प्वाइंट दीक्षा**

सभी बहनों के साथ गुरु आज्ञा से तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की यात्रा करने के लिए पहुंची वहां एक पर्वत



पर एक श्रावक के साथ हृदय विदारक घटना घटी श्रावक को लुटेरों ने लूटा और गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी मूर्छित पत्नी और तड़पते बच्चों को देखकर ब्रह्मचारिणी सुलोचना को इस संसार की असारता और नश्वरता को गहराई से भाप गई तुरंत दीक्षा लेकर आत्म कल्याण को व्याकुल हो गई।

26 मार्च 1994 चैत्र शुक्ला 14 चतुर्दशी को आचार्य सुमति सागर जी महाराज एवम विद्या भूषण आचार्य श्री सम्मति सागर जी से बाल ब्रह्मचारिणी सुलोचना दीदी ने 30 वर्ष की उम्र में सीधे आर्यिका दीक्षा ग्रहण की आचार्य श्री ने नाम प्रदान किया आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी।



## गुंडागर्दी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

**अशोकनगर।** उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.03.2026 को फरियादी दीपक रघुवंशी, निवासी दुर्गा कॉलोनी अशोकनगर द्वारा थाना देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 6-7 व्यक्तियों द्वारा तुलसी सरोवर पार्क, पछाड़ीखेड़ा रोड पर बैठे उसके मित्र अमित शर्मा एवं उमेश अहिरवार के साथ पुरानी रंजिश के चलते अश्लील गालियां दी गईं तथा डंडे एवं लोहे की छड़ से मारपीट की गई। साथ ही आरोपियों द्वारा शराब पीने हेतु पैसे की मांग की गई, मना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसी क्रम में आरोपी संजय उर्फ संजू पुत्र लालाराम अहिरवार, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम देवखेड़ी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर रॉयल ग्रुप बनाकर क्षेत्र में गुंडागर्दी एवं मारपीट करने की बात स्वीकार की गई। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकरण में पूर्व में रॉयल ग्रुप के 05 सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है, जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में हैं।

# नाबालिग को 3 दिन में किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, थाना प्रभारी कचनार उनि. पूनम सेलर द्वारा 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को 03 दिवस में सकुशल दस्तयाव कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 19 मार्च को फरियादी द्वारा अपनी 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर थाना कचनार में अपराध क्रमांक 49/2026 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कचनार उनि. पूनम सेलर को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कचनार उनि. पूनम सेलर द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर सतत



प्रयास करते हुए अपहता को तलाश कर आरोपी खिलन शाक्य निवासी देहरीकलां, थाना आरोन, जिला गुना के कब्जे से सकुशल दस्तयाव किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर नयायालय के समक्ष पेश किया गया।

# डबरा के व्यापारी पर 14 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय कृषि उपज गल्ला मण्डी के व्यापारी नीतेश पुत्र कैलाश चन्द्र जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके द्वारा डवरा के व्यापारी को धान का विक्रय किया गया था, जिसके बाद व्यापारी द्वारा उसके द्वारा भेजी गई धान को बेच दिया और उसके साथ 14 लाख रूपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने व्यापारी की रिपोर्ट पर से डवरा के व्यापारी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस को नीतेश जैन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह गल्ला मण्डी में आराध्या इंटरप्राइजेज के नाम से कारोबार करता है, फर्म में सौरभ जैन मुनीम व कैशियर हैं। दिसबंर 2023 को डवरा से सिजारिया इंटरप्राइजेज के संतोष गुप्ता और राधेश्याम गुप्ता मंडी में उसके पास आए थे। तब मेरी फर्म तथा सिजारिया इंटरप्राइजेज के संतोष गुप्ता व उनके भाई व व्यवसायिक सहयोग राधेश्याम गुप्ता द्वारा छोटे व्यापारियों की धान मात्र 1 प्रतिशत कमीशन देकर खरीदकर 2 दिन के अंदर किसी अन्य व्यापारी को बेचकर उनकी फर्म को 1 प्रतिशत कमीशन के धन की अदायगी करने का मौखिक अनुबंध किया था। जिसके बाद अलग अलग तारीखों में कुल 7 बार 79 लाख 96 782 रूपए का धान संतोष गुप्ता व राधेश्याम गुप्ता को विक्रय किया था, जिसके बाद उनके द्वारा उसके खाते में 65 लाख 15 हजार रूपए क्रेडिट किए गए। शेष 14 लाख 81 हजार 782 रूपए के लिए उन्हें कई बार फोन लगाया, उनकी फर्म पर भी गया पर उनके द्वारा आज तक वह राशि माल हड़पने के बाद नहीं दी गई है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की मासिक बैठक राम जानकी मंदिर पर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सोमवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की मासिक बैठक पिपरई प्रखंड में राम जानकी मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह द्वारा किया गया भगवान श्री राम जी के राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में श्री राम जन्मोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव ब विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण के निमित्त योजना बनाई एवं विगत माह के कार्यक्रमों की समीक्षा की बैठक में भगवान श्रीराम जी के जन्मोत्सव के जो कार्यक्रम वर्ष प्रतिपदा से प्रारंभ होकर पूर्णिमा तक सभी ग्राम समिति तक होंगे बैठक में श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया।




जिसमें भगवान श्री राम जी के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि हमें भगवान के चरित्र का अनुसरण करना चाहिए।

भगवान श्री राम जी का पूरा जीवन एक आदर्श के रूप में हम सभी को स्वीकार करना चाहिए जिससे आने वाले समय में हमारा जो समाज है वह आदर्श समाज बन सके इस कार्यक्रम में विभाग सह मंत्री रामवीर सिंह यादव जिला मंत्री कंछेदी लाल दांगी जिला सत्संग प्रमुख सीताराम तिवारी जिला गौ रक्षा प्रमुख बलबीर सिंह यादव जिला धर्म प्रसार प्रमुख अरविंद भार्गव आदि रहे मौजूद।

**हितग्राहियों को किया स्वीकृति पत्र का वितरण**

# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत चंदेरी में शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत दिलाए जाने हेतु संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिले में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को अनुभाग चंदेरी में ब्लाक स्तरीय शिविर का आयोजन नवीन बस स्टैंड प्रांगण चंदेरी में किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की 106 योजनाओं से संबंधित 13924 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का निराकरण अधिकारियों द्वारा कराया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 60 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र मौके पर ही वितरित किए गए।



कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह बुंदेला, नगर पालिका अध्यक्ष दशरथ कोली , एसडीएम मनीष धनगर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पार्षद जेनिश रोकड़यि , शिशुपाल परमार, पार्षद आनंद सिंह यादव, पार्षद पीयूष बुंदेला एवं समस्त विभागों के अधिकारी सहित भारी संख्या में जन मानस उपस्थिति रहे।

**कार्यालय तहसीलदार, तहसील राघौगढ़, जिला-गुना म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक / 1295/अ-6/2025-26

सजलकुमार पुत्र बृजेशकुमार जाति साहू निवासी कुंभराज, हाल निवास साडा कॉलोनी राघौगढ, तहसील राघौगढ, जिला गुना म.प्र.

विरूद्ध

मध्यप्रदेश शासन

:: विज्ञप्ति ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (वसीयतग्रहीता) सजलकुमार पुत्र बृजेशकुमार जाति साहू निवासी कुंभराज, हाल निवास साडा कॉलोनी राघौगढ, तहसील राघौगढ, जिला गुना म.प्र. द्वारा ग्राम कर्माखेडी स्थित भूमि सर्वे कमांक 23/1/1/1 रकवा 0.156 हे. भूमि पर वसीयतकर्ता फूलचंद पुत्र बिहारीलाल जाति साहू निवासी कुंभराज के स्थान पर वसीयतग्रहीता का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अगर इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। वाद गुजरने म्याद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया गया है। प्रकरण में दिनांक 30/03/2026 नियत है।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील राघौगढ**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरा भान निवासी ब्रजभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार, राजकुमार, ललित और सोनू यादव ने उससे मारपीट की व घर में तोड़फार कर जान से मारने की धमकी दी।जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम माधौगढ निवासी बाबू पारदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पटठा और सुनील पारदी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी चैआ रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आलेख और नरेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरियाखेडी निवासी मानसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विष्णु अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानूनगो मोहल्ला पिपरई निवासी देवेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजपाल और मनीराम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात चोर खेत में पानी देने की 4 मोटर चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम सिलावन निवासी सुरेश धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके खेत पर बनी पानी की डबरी के पास से अज्ञात चोर एसएसपी कंपनी की 5 हॉर्स पॉवर की मोटर एवं आकाश कंपनी की 5 हॉर्स पॉवर की मोटर चोरी कर ले गए। 2 मोटर चोरी होने पर पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है। इसी प्रकार जिले के पिपरई थाने के ग्राम लिधौरा कला निवासी रंजीत लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर फरियादी के खेत के पास से पानी देने की मोटर 5 हॉर्स पॉवर की चोरी कर ले गए। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत अर्जुन कुशवाह निवासी पिपरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके सीगोंन वाले खेत से अज्ञात चोर पानी देने वाली मोटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

### नवजात शिशु का शव मृत अवस्था में मिला

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी नासिर मुसलमान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ओम कॉलोनी में बागड़ के पास एक नवजात शिशु का शव मृत अवस्था में मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम करैया हाट थाना दीपनाखेडा जिला विदिशा निवासी बबलू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम सुमेर व बमुरिया के बीच कोई अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत डिपो कॉलोनी निवासी धर्मेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि स्वराज ट्रेक्टर के अज्ञात चालक ने स्टेशन रोड पर अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापर वाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### जुए के दो अडडों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने की पुलिस ने ग्राम झांसाखेडी में जुए के दो अडडों पर छापामार कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रणवीर कुशवाह की दलान में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए कंन्छेरी अहिरवार, हरनाम कुशवाह, नंदलाल कुशवाह को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 940 रूपए जप्त किए गए हैं। इसी प्रकार बहादुरपुर पुलिस ने ही मनोज कुशवाह की दलान में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए रामलाल, सुनील और रणवीर कुशवाह को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1150 रूपए बरामद किए हैं।

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस पर किया स्मरण

# शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बांकी निशां होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अमर शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरू के शहादत दिवस पर अनेक संगठनों ने उनका स्मरण किया। अंग्रेजी हुकुमत को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले भारत की माटी के इन सपूतो को न केवल याद किया गया अपितु उनकी शहादत का नमन किया गया।







### डीएसओ छात्र संगठन ने पुंष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया

छात्र संगठन डीएसओ ने गैर समझौतवादी धारा के महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव,राजगुरु के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में अंबेडकर पार्क पर पुष्पांजलि कार्यक्रम व विचार प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसके साथ ही नेहरू पीजी कॉलेज सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर भी शहीद ए आजम भगतसिंह सुखदेव राजगुरु के शहादत दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत ऐ भगतसिंह तू जिंदा है हर एक लहू के कतरे में गीत से हुई।

आज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष अनुराग सागर ने बताया कि जब हमारे देश की आजादी आंदोलन की लड़ाई चल रही थी उस समय यह लड़ाई दो धाराओं में चल रही थी एक धारा थी समझौता वादी धारा जिसका नेतृत्व गांधी जी कर रहे थे और दूसरी धारा थी गैर समझौतावादी धारा जिसका नेतृत्व भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां,नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारी कर रहे थे। भगत सिंह,सुखदेव, राजगुरु अपने छात्र जीवन से ही आजादी आंदोलन में शामिल हो गए थे जब 13 अप्रैल 1919 में जलियांवाला बाग में जनरल डायर के द्वारा बड़े ही निर्मम ढंग से जब वहां एकत्रित लोगों पर गोलीबारी की गई और सैकड़ो लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया इस घटना से आहत होकर उनके मन में अंग्रेजों के दमन व उत्पीड़न के खिलाफ नफरत पैदा हो गई और अंग्रेजी गुलामी से हिंदुस्तान को आजाद करने का संकल्प लिया परिणाम स्वरुप अपने दोस्तों के साथ भी गांधी जी द्वारा चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन में शामिल हुए परंतु 1922 में हुई चोरी चोरा की घटना के कारण गांधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन वापस लेने का निर्णय से दुखी होकर भी समझ पाए कि अहिंसा और समझौते के जरिए सही आजादी नहीं आएगी इसीलिए वे गैर समझौता वादी धारा के प्रतिनिधित्व कर रहे क्रांतिकारी संगठन में शामिल हो गए।

आगे बात रखते हुए उन्होंने कहा कि क्रांतिकारियों का जो सपना था वह आज अधूरा है आज देश में महिलाओं बच्चियों पर अपराध बढ़ रहे हैं, शिक्षा महंगी होती जा रही है, हमारे मध्य प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू की गई सीएम राइस स्कूल पॉलिसी के तहत मध्य प्रदेश में 94000 सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा हैं। आज तमाम तरह के अन्याय, अत्याचार व गलत नीतियों के खिलाफ हम सभी को इकट्ठा होने की जरूरत है, इन महापुरुषों के सपने का भारत बनाने के लिए हम सभी को आगे आने की आवश्यकता है। संचालन किया जिला उपाध्यक्ष पूजा ओझा ने किया व कार्यक्रम के दौरान शहर के नागरिक और बड़ी संख्या में छात्र नौजवान शामिल हुए।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने शहीदों के स्मारक पर पुष्प मालाएं अर्पित कीं

सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा स्थानीय पछाड़ीखेड़ा तालाब स्थित पार्क पर पहुंचकर भारत माता के अमर वीर शहीद सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जी को नमन कर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया और भारत माता की जय के नारे लगाए गए।

बताया गया कि देश को आज़ाद कराने के संकल्प के साथ उन्होंने जिस साहस, त्याग और बलिदान का परिचय दिया है, वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक गौरवपूर्ण अध्याय है। इन महान क्रांतिकारियों का बलिदान और उनकी देशभक्ति भारत की आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देती रहेगी। आज के युवाओं को भी उन्हें आदर्श मानकर चलना चाहिए क्योंकि यही हमारे देश के सच्चे वीर हैं। इस बीच कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा, विधायक इंजी. हरीबाबू राय,नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा, आईटी सेल जिला अध्यक्ष अमन महाराज, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष यशपाल यादव,वरिष्ठ कांग्रेसी भागवत लोधी, रामस्वरूप शिवहरे, सुरेंद्र रघुवंशी सर्वन कुशवाहा आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी परिषद ने शहीदों को नमन किया

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अशोकनगर द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर तुलसी सरोवर स्थित अमर क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले इन महान वीरों के जीवन और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रमय बना दिया। जिला संयोजक अमन रघुवंशी ने बताया कि शहीद दिवस हमें उन वीर सपूतों के त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम की याद दिलाता है, जिन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ललित रघुवंशी, नगर मंत्री अर्चित शाक्य, नगर सह मंत्री विपिन अहिरवार एवं नगर सह मंत्री कुलदीप साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### युवक का शव रेल पटरियों पर मिला

**अशोकनगर।** स्थानीय माता मंदिर के समीप रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव मिला है जिसकी पहचान बलवीर पुत्र किशन अहिरवार उम्र 30 साल के रूप में की गई है। बताया गया है कि वह युवक शराब पीने का आदी था और अपने परिवार से अलग रह रहा था, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### डिवाइडर पर ट्रैक्टर पलटा, चालक घायल

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा कस्बे में एक ट्रेक्टर स्पीड ब्रेकर पर पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक राजेश पुत्र कल्ला अहिरवार को चोटे आई हैं। घटना के बारे में बताया गया है कि उक्त युवक भूसा खाली कर वापिस लौट रहा था तभी डिवाइडर पर ट्रेक्टर तेज गति में होने के कारण पलट गया। इस घटना में घायल राजेश को पहले शाढ़ौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया बाद में उसे जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए लाया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। जिले भर में जहां जहां भी स्पीड ब्रेकर लगे हैं उन सभी स्थानों पर कहीं भी संकेतक नहीं है। वाहन तेज गति से आने के दौरान इन स्पीड ब्रेकरों पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

### जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला 26 मार्च को

**अशोकनगर।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार 26 मार्च को प्रातः 11 बजे से युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला 'जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अशोकनगर में आयोजित किया गया है। शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कौशल विकास तथा रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कंपनियो में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे एवं विभिन्न पदों पर भर्ती की जायेगी।

**हैंडपंप के बोर में जा रहा नाली का पानी**

# भागीरथपुरा जैसी घटना का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे के मंडी मोहल्ला में कुछ महीनों पहले मंडी पहुंच मार्ग से लगकर नाली बनाई गई थी। इस नाली के किनारे एक हैंडपंप है। जिसका प्लेटफार्म टूटा हुआ है। नाली बनाने के दौरान हैंडपंप को नाली के बीच ले लिया गया। न तो नाली डायवर्ट की गई और न ही हैण्डपंप को बंद किया गया। इस हैंडपंप का प्लेटफार्म टूटा हुआ है और कई महीनों से नाली का पानी हैंडपंप के बोर में जा रहा है। जिससे पानी दूषित हो गया है। इस हैंडपंप से मंडी मोहल्ला के 50 से अधिक परिवार पेयजल भर कर ले जाते हैं। इनमें से एक गोपाल अहिरवार का कहना है कि पानी में बदबू आ रही है लेकिन कोई दूसरा स्त्रोत नहीं होने से इसी का पानी पी रहे हैं। पानबाई अहिरवार ने बताया कि वह इसी नल का पानी पीती हैं। बीते महीनों में कई बार बीमार हो चुकीं। बता दें कि मंडी मोहल्ले में 95 प्रतिषत परिवार अनुसूचित जाति के हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कुछ महीने पहले जैसे इंदौर के भागीरथपुरा में कई लोगों की मौत दूषित पानी से हो गई है, ऐसी ही घटना मंडी मोहल्ला में भी घट सकती है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो गर्मी के दिनों में पानी के और भी दूषित होने का खतरा है।



### मंडी आने वाले किसानों को भी इसी हैंडपंप का सहारा

यह हैंडपंप उपमंडी के मुख्यद्वार के सामने कुछ दूरी पर लगा हुआ है। मंडी परिसर के अंदर पेयजल के सभी स्त्रोत बंद हैं। कुछ जगह मटके रखे हुए हैं जो सैकड़ों किसानों के लिए जलापूर्ति नहीं कर पाते। ऐसे में मंडी आने वाले किसानों के लिए इसी हैंडपंप का सहारा है। जबकि हैंडपंप में नाली का पानी सीधे अंदर जा रहा है। इस संबंध में सरपंच धर्मेन्द्र खटीक का कहना था कि नाली बनाना भी जरूरी था और हैंडपंप को भी बंद नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि हैंडपंप का पक्का प्लेटफार्म बनाकर उसे ऊंचा कर रहे हैं जबकि पीएचई के उपयंत्री रोहित त्यागी का कहना है कि उन्हे इसकी जानकारी नहीं थी। जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे।

# महापुरुषों का दिव्य स्वरूप अलोकिक होता है पुण्यवान व्यक्ति भी उन्हें प्रभावित नहीं कर सकता: अविचल सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जो देवता होते हैं जो पुण्य पुरुष होते हैं जिनका अंताकरण अनेक रिद्धिओ से सम्पन्न होते हैं जिनका दिव्य स्वरूप हम सब को दिखाई नहीं देता, ऐसे महापुरुषों का दिव्य स्वरूप अलोकिक होता है। पुण्यवान व्यक्ति भी उन महा पुरुषों को प्रभावित नहीं कर सकता, हम सब जो धर्म करते हैं वह पाप काटने के लिए और पुण्य की प्राप्ति तक सीमित रहता है। हमें इससे आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उक्त आश्य केउद्गार सुभाषगंज में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने व्यक्त किए ।


अहिंसा धर्म पाप काटकर पुण्य पाने से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है

उन्होंने कहा कि अहिंसा धर्म पाप काटने और पुण्य पाने के लिए नहीं है ये तो आप सब जगह प्राप्त कर सकते हैं पाप का विनाश हो और पुण्य की प्राप्ति हो आप कर सकते हैं लेकिन इससे आगे बढ़ कर इस जन्म मरण से हमेशा के लिए मुक्त होने के लिए कुछ अलग करना पड़ेगा और इसके लिए आपको अपने आप के करीब आना होगा। अपने अंदर कुछ ऐसे गुण प्रकट करने होगा जो तुम्हारे अंदर ही विद्यमान है हमने उन्हें पहचान नहीं है मैं यह नहीं कहा रहा कि ये एक दिन में हो जायेगा। पांच वर्ष दस वर्ष कुछ भी सही लेकिन इसके लिए हमें उन गुणों को पहचान होगा। माता संवरी जिसका का उल्लेख आज से पांच हजार साल पहले लिखे गए हर ग्रन्थ में मिलता है जंगल में रहने वाली एक असहाय जिसके पास आप जैसा वैभव नहीं साधन नहीं है धन सम्पत्ति नहीं है। उसे पता भी नहीं है कि इस जीवन में वह जो चाह रहीं हैं उसे कभी मिलेगा की नहीं। उसने कोई शास्त्र पुराण ग्रन्थ नहीं पड़े थे फिर भी अपने एक गुण के कारण मरिया पुरूषोत्तम श्री राम चन्द्र जी उसकी कुटिया तक पहुंचते हैं और उसके जीवन को धन्य कर देते हैं। तो ऐसे गुण हम अपने अंदर प्रकट करें इसमें न धन दौलत पैसे अभिमान अहंकार की जरूरत पड़ेगी। बस अपने जीवन में ऐसा गुण पाना होगा जिससे हम अपने आप को पवित्र और पावन वना सके।

**महावीर जयंती को लेकर सभी मंडलों के सुझाव पर बनेगा ब्रहद कार्यक्रम**

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज का आगमन हम सब के सौभाग्य से ऐसे समय में हुआ है। जब हर घर में भगवान महावीर स्वामी के जन्म जयंती को लेकर उत्सव मनाया जा रहा है। महिला मंडल घरों में मिलकर गीत वंदना भजनों का आयोजन कर रही है। भगवान महावीर जन्म जयंती को ब्रहद रुप में मनाये जाने हेतु जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल के नेतृत्व में कल बैठक रही गई। आप सभी मंडलों को और सूवा दल युवा मंडलो को भगवान महावीर जन्म जयंती की व्यापक तैयारियां को कैसे बहुत सुंदर बनाया जा सके। इसके पहले जैन समाज मंत्री शैलेन्द्र श्रंगार ने कहा कि जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा परम पूज्य गुरुदेव के मुख से हो रही है जो भी अपनी भावनाओं रखना चाहे वह पूर्व से अवगत कराएं।

## जिला वाटरशेड विकास व सलाहकार समिति की बैठक आयोजित




**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला वाटरशेड विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संपादित की गई गतिविधियों के संबंध में निर्देश दिए कि गतिविधियां हेतु हुए लाभ को सूचीबद्ध कर प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने सब्जी उत्पादन अन्तर्गत उत्पाद के बिक्री हेतु उचित स्थान पर स्टॉल अथवा अन्य माध्यम से सब्जियां बिक्री हेतु उपलब्ध कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास 2.0 अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं में अद्यतन संपादित किये गये कार्यों का प्रस्तुतीकरण, परियोजना अन्तर्गत शेष उपलब्ध राशि से जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत लिए जाने वाले कार्यों का प्रस्तुतीकरण एवं कृषक उत्पादक संगठन द्वारा ली जा सकने वाली गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण समिति के समक्ष किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ.बी.एस.गुप्ता, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विनोद गंगवाल, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग अशोक अहिरवार, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग कुलदीप कुशवाह, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. मनीष व्यास, उप संचालक कृषि अमित सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चन्द्रसेना भिडे, सहायक संचालक मत्स्य एन.एस.दण्डोतिया, सहायक संचालक उद्यान जी.गिरवाल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्ययोजना बनाकर कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा 19 मार्च से 30 जून तक प्रदेशव्यापी जल गंगा सर्वधन अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसी क्रम में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्ययोजना बनाकर कार्य कराएं जाए। अभियान के तहत नगरीय निकायों और पंचायत स्तर पर जल संवर्धन और संचय के कार्य किए जाएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।



बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गंगा सर्वधन अभियान जिले में पुरानी बावड़ियों और तालाबों के गहरीकरण और पुनरुद्धार का कार्य किया जाए। साथ ही ऐतिहासिक भवनों,किलों का साफ- सफाई का कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के इस अभियान में आमजन की सक्रिया भागादारी हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते निर्देश दिए कि आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सी एवं डी ग्रेड वाले विभाग लंबित शिकायतों का गंभीरता से निराकरण कराते हुए ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। जिससे विभागीय ग्रेडिग में सुधार आ सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत नॉट अटेण्ड न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 100 दिवस एवं 50 दिवस से अधिक शिकायतों का संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के साथ निराकरण करें।

ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ रहे। साथ ही पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति हेतु कार्ययोजना अनुसार कार्य किया जाए। साथ ही नल जल योजना के पूर्ण, अपूर्ण कार्यो की जानकारी अपडेट रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को आईगोट हेतु शत प्रतिशत प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने नरवाई प्रबंधन के संबंध में समस्त एसडीएम,सीईओ जनपद पंचायत एवं कृषि विभाग को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत नरवाई प्रबंधन हेतु कार्ययोजना एवं जनजागरूक कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिए।

# अष्टभुजी माता मंदिर कबीरा रोड पर 1101 कन्याओं का हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सेवा भारती जिला अशोकनगर के तत्वधान में अष्टभुजी माता मंदिर कबीरा रोड पर नवरात्रि के पावन पर्व पर 1101 कन्याओं का पूजन और भोजन कराया गया। सेवा भारती ने अशोकनगर के सभी बस्तियों में घर घर जाकर कन्याओ को आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी विवेक शर्मा मुख्य वक्ता सुरेन्द्र सिंह सोलंकी प्रान्त संगठन मंत्री सेवा भारती मध्य भारत प्रान्त विशिष्ट अतिथियों में पण्डित कैलाशपति, अनुराधा यादव जजपाल सिंह पूर्व विधायक, संजय रघुवंशी अध्यक्ष सेवा भारती समिति के आतिथ्य में सम्पन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की पूजन अर्चन के बाद शुरू हुआ। मुख्य अतिथि विवेक शर्मा ने कि कन्याओं का पूजन प्रतिदिन होना चाहिए सेवा भारती के प्रकल्प चलना चाहिए। डॉ. अनुराधा ने नारी में आधी शक्ति आदि शक्ति है बेटी और बेटे में फर्क न करे बेटियों का सम्मान करें। जजपाल सिंह में आज





सेवा भारती के कन्या पूजन कार्यक्रम में सम्मलित होकर अपने आप को धन्य समझता हूं। मुझे यह अवसर प्राप्त हुआ है। प्रान्त संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा बेटी लक्ष्मी होती है उन्हें सम्मान दें एक दिन विशेष न होकर घर घर मे नारी की पूजा होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बृजकिशोर शर्मा ने किया अंत मे सभी माताओं, बहनों, कन्याओं को भोजन प्रसादी प्रदान की गई।

### 112वें सालाना उर्स में रोजाना रात्रि उमड़े रहे हजारों जायरीन, पुलिस मुस्तैद

# उर्स: फर्जी टिकट, आपत्तिजनक वीडियो बनाने, चोरी मामले में 6 गिरफ्तार

### 25 मार्च को हो जाएगा उर्स का विधिवत समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाबा बदख्सानी की दरगाह पर लग रहे 112वें सालाना उर्स में प्रतिदिन हजारों की संख्या में जायरीनों व पर्यटकों लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। दिन के समय भले ही उर्स परिसर में चलह-पहल कम नजर आ रही लेकिन रात्रि में उर्स अपने पूरे शबाब पर लग रहा है। इसी उर्स में हजारों लोगों की भीड़ का फायदा उठाकर क्राइम करने वाले भी आ रहे हैं लेकिन मुस्तैद पुलिस प्रशासन के प्रयासों से उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है।

इसी कड़ी में उर्स में महिलाओं के वॉशरूम का आपत्तिजनक वीडियो बनाने, चोरी का प्रयास करने, फर्जी टिकट बेचने और झगड़ करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी युवकों पर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। आपको बता दें कि उर्स में प्रतिदिन आ रहे हजारों महिला, पुरुषों, बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से यहां 150 से ज्यादा सुरक्षा जवान तैनात करवाए हुए हैं।




#### वॉशरूम का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर किया अपलोड

रविवार 22 मार्च को एक अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी पर राजगढ़ उर्स मेले से संबंधित एक वीडियो अपलोड किए जाने की जानकारी पुलिस को प्राप्त हुई। इस वीडियो में कुछ महिलाएं वॉशरूम जाते हुए दिखाई दे रही थीं। उक्त वीडियो महिलाओं की गरिमा एवं निजता के दृष्टिगत सार्वजनिक किए जाने योग्य नहीं पाया गया। मामले में द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए उक्त इंस्टाग्राम आईडी की पतारसी की गई। यह आईडी बबलू तंवर निवासी ग्राम पाटरी, थाना कालीपीठ की निकली। कालीपीठ पुलिस ने बबलू को अभिरक्षा में लेकर उसका मोबाइल चेक किया गया लेकिन तब तक वीडियो आईडी से डिलीट कर दिया था। तथापि, महिलाओं की गरिमा एवं सामाजिक मर्यादा को दृष्टिगत रखते हुए बबलू तंवर के विरुद्ध थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

#### महिला का पर्स चुराने का कर रहा था प्रयास

उर्स में पॉकेटमार और चोर भी आए हुए हैं। मेले में एक दुकान पर खरीददारी कर रही महिला का पर्स साईड में रखा होने पर एक युवक उसे चुराने का प्रयास कर रहा था लेकिन सफल नहीं हो पाया। मेले में तैनात पुलिस को युवक को हिरासत में ले लिया। युवक की पहचान राजगढ़ की बाराद्धारी कॉलोनी निवासी हेमराज मेवाड़े के रूप में हुई है।

#### नकली टिकट बेच रहा एक युवक गिरफ्तार

उर्स के प्रमुख आकर्षण का केंद्र यहां आए झूले सहित मनोरंजन के अन्य साधन हैं। ऐसे में एक युवक अनारसिंह तंवर निवासी रघुनाथपुरा नकली टिकट बेच रहा था जिसे धर-दबोचा गया। ऐसे ही इसी तरह उर्स में शांतिभंग करते हुए झगड़ा करने वाले परमेश्वर पिता गोपीलाल लोधी निवासी श्रीपुरा जिला गुना, गोरधन पिता देवचंद तंवर, विष्णु पिता शिवनारायण तंवर निवासी गिरधरपुरा मनोहरथाना को पकड़ा गया है।

### 50 लाख से अधिक का कच्चा माल किया नष्ट, दो आरोपी गिरफ्तार

# कटारियाखेड़ी में पुलिस ने अवैध शराब के अड्डों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ब्यावरा सिटी, सुठालिया, करनवास, देहात और पचोर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से भारी पुलिस बल के साथ गांव में दबिश दी। पुलिस ने कच्ची व अवैध शराब के निर्माण स्थलों को ध्वस्त किया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची देसी और अंग्रेजी शराब जब्त की। इसके अतिरिक्त, लगभग 1 लाख लीटर कच्चा लहान (शराब बनाने का घोल) भी नष्ट किया गया। एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध शराब निर्माण और आपूर्ति की सूचना मिलने के बाद यह योजनाबद्ध कार्रवाई की गई।

जांच में पता चला कि गांव में महुआ और अन्य सामग्री का उपयोग कर कुओं तथा बड़े ड्रम-टंकियों में लहान तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने 100 से अधिक टंकियों को तोड़ा और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली 12 स्टील टंकियों को भी नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान 261 लीटर देसी व अंग्रेजी शराब और 240 लीटर हाथ भट्टी की शराब जब्त की गई। सड़क किनारे बनी गुमटियों और टपरों को भी जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई से शराब माफियाओं को 50 लाख रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।






एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध शराब निर्माण के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है। इस कार्रवाई में एसडीओपी के साथ सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़, देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट, करनवास थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह और 30 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे।

# कांग्रेस ने उठाई आमजनों की आवाज राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन

### सभी मांगों के जल्द निराकरण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के किसानों एवं आमजनों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेस सामने आई है। इसी क्रम में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार दोपहर राज्यपाल के नाम एसडीएम निधि भारद्धाज को एक ज्ञापन में सौंपा।




कांग्रेस पदाधिकारी भगवान सिंह बागड़ी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर सहित अन्य के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगे उठाई गई है। मांगों में किसानों एवं आम नागरिकों के हितों को देखते हुए सोसायटियों द्वारा ऋण राशि जमा करने की तिथि बढ़ाने, सोयाबीन तेल के टैक्स फ्री आयात को रुकवाने, किसानों की गेहूं की फसल समर्थन मूल्य पर लागत से हिसाब से 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल की खरीदी, बिजली विभाग द्वारा किसानों से की जा रही मनमानी रुकवाने एवं घरैलू गैस सिलेन्डर की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग रखी गई है। ज्ञापन में उल्लेख है कि यदि शासन एवं सरकार द्वारा आमजनों, किसानों के हितों से जुड़ी मांगों पर यथोचित कार्यवाही नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### महिलाएं बोली - जबरन थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर

# राजगढ़ में स्मार्ट मीटर का बिजली उपभोक्ताओं ने किया विरोध

**राजगढ़।** जिले के ब्यावरा सहित अन्य शहरों के बाद अब राजगढ़ मुख्यालय पर भी विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध खुलकर सामने आना लगा है। सोमवार दोपहर नगर के बांसवाड़ा मोहल्ले में मीटर लगाने पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों को स्थानीय रहवासियों, बिजली उपभोक्ताओं के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा।



बिजली उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि ये मीटर उन पर जबरन थोपे जा रहे हैं। यदि, पुराने मीटर सही हैं तो आखिर इन मीटरों को लगाने की क्या आवश्यकता है। बांसवाड़ा के बिजली उपभोक्ताओं के अनुसार जब अन्य स्थानों पर ये मीटर नहीं लग रहे हैं तो आखिर गरीबों पर इन्हें क्यों थापने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध कर रही महिलाओं, युवकों सहित अन्य कन्ज्यूमरों ने आरोप लगाया कि इन मीटरों से बिजली बिल कईं गुना बढ़कर आते हैं। ऐसे में ये मीटर उनके घरों में न लगाए जाएं। उपभोक्ताओं के तीखे विरोध के बाद बिजली कंपनी के कर्मचारियों को बैरंग लौटने मजबूर होना पड़ा। आपको बता दें कि इसके पूर्व ब्यावरा शहर की शहीद कॉलोनी, कर्मचारी कॉलोनी सहित अन्य शहरों में उपभोक्ता स्मीटर मीटर लगाने का पुरजोर विरोध कर चुके हैं।

#### कंपनी के अधिकारियों का तर्क

उधर, स्मार्ट मीटरों के बारे में विद्युत कंपनी के अधिकारियों का तर्क है इन मीटरों में कोई खराबी नहीं है बल्कि बिजली उपभोक्ताओं का काफी फायदा है। अधिकारियों ने इन मीटरों के कई लाभ बताते हुए लोगों से अपील की है कि विरोध न करें।

### नरवाई जलाने से फैली आग

# नालाझीरी और सलेपुर में लगी आग से सिंचाई यंत्र जले

**ब्यावरा।** तहसील के सुठालिया क्षेत्र में सोमवार दोपहर को नरवाई जलाने की लापरवाही के कारण नालाझिरी के समीप पहाड़ी क्षेत्र में एक खेत में लगी नरवाई की आग बेकाबू होकर पास के खेत तक फैल गई। जिसकी चपेट में आने से एक किसान के खेत में रखे करीब 20 सिंचाई पाइप, मोटर और केबल जल गई। जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के कारण आग ने तेजी से फैलकर आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में खेत का बड़ा हिस्सा प्रभावित हो गया। वही, सलेपुर गांव में भी सोमवार दोपहर आग लगने की एक घटना सामने आई। यहां किसानों द्वारा पशुओं के लिए रखा घास जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ब्यावरा और सुठालिया से दमकल ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद दोनों स्थानों पर आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी अनिल राहौरिया ने बताया कि आग नरवाई जलाने के कारण लगी थी। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया है।

# हर छत पर सकोरा, हर पंख को सहारा एबीवीपी का जनसेवा अभियान शुरू

**ब्यावरा।** भीषण गर्मी के इस दौर में पक्षियों के जीवन की रक्षा के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए 'सकोरा अभियान' का शुभारंभ किया गया। यह अभियान पक्षियों की प्यास बुझाने और उनके संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न स्थानों ,परिसरों,सार्वजनिक स्थलों एवं महाविद्यालय परिसर में मिट्टी के सकोरे रखकर उनमें प्रतिदिन स्वच्छ जल भरने का संकल्प लिया। साथ ही आमजन से भी आग्रह किया गया कि वे अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में सकोरे रखकर इस मानवीय पहल का हिस्सा बनें।

कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और "हर छत, एक सकोरा" के संकल्प के साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का निश्चय किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री राकेश सौंधिया ने सभी छात्र छात्राओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहभागी बनकर पक्षियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता प्रकट करें और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान दें।



# ईंट भट्टों का निरीक्षण, बालश्रम न कराने की तल्ख हिदायत

### मजदूरों से संवाद कर समस्याओं की जानकारी ली

**राजगढ़।** बाल श्रम मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत सोमवार को श्रम विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम ने राजगढ़ के ईंट भट्टों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने वहां कार्यरत मजदूरों से संवाद कर उनकी स्थिति और समस्याओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान टीम ने ईंट भट्टा संचालकों को समझाया कि किसी भी स्थिति में बाल श्रम न कराया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बाल श्रम कानून के तहत यह दंडनीय अपराध है और उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने मजदूरों से चर्चा करते हुए उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित मजदूरों को समझाइश दी गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और यदि पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसे संबंधित विभाग या संस्था के साथ साझा करें, ताकि समय रहते मदद उपलब्ध कराई जा सके। इस निरीक्षण के दौरान श्रम निरीक्षक मनोज चैहान, रमेश चंद्र भिलाला, अहिंसा टीम से मनीष दांगी एवं रजनी प्रजापति उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से टीम ने यह संदेश दिया कि बाल श्रम के विरुद्ध समाज के सभी वर्गों को जागरूक होकर आगे आना होगा, तभी एक सुरक्षित और शिक्षित समाज का निर्माण संभव है।

# गणगौर पर्व: नगर में शोभायात्रा निकाली माता गौरी और शिव की हुई पूजा-अर्चना

**ब्यावरा।** नगर में गणगौर पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के बिहारी जी मंदिर से हुई। यहां महिलाओं ने गणगौर (माता गौरी) और ईसर (भगवान शिव) की प्रतिमाओं को विधि-विधान से स्थापित कर पूजा-अर्चना की। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने मंगलगीत गाए और समृद्धि की कामना की।






पूजन के बाद मंदिर से एक आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसे गणगौर की बारात का स्वरूप दिया गया। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों मुख्य बाजार, सुभाष चौक, पीपल चौराहा और एबी रोड से होते हुए वैष्णो देवी मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। वैष्णो देवी मंदिर पहुंचकर गणगौर पूजा विधिवत संपन्न की गई। आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों का विशेष ध्यान रखा गया था। स्वर्णकार समाज महिला मंडल की अध्यक्ष कंचन सोनी ने गणगौर पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कंचन सोनी बताया कि शाम के समय पारंपरिक दोहे गाकर माता गणगौर को विदाई दी जाती है और फिर नदी में उनका विसर्जन किया जाता है।

# विजयर्गीय समाज की महिलाओं ने उल्लास से मनाई गणगौर

### गणगौर मैया से सुख-समृद्धि की कामना की



**राजगढ़।** नगर के विजयवर्गीय समाज की महिला समिति द्वारा गणगौर पर्व पर कई तरह के धार्मिक आयोजन रखते हुए उल्लास के साथ पर्व मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को कुमकुम भेंटकर करते हुए गणगौर मैया से सभी की सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। इस दौरान समाज की महिलाओं ने नगर के गौसेवक नयन विजयवर्गीय को आमंत्रित करते हुए स्वागत, अभिनंदन किया। इसके उपरान्त महिलाओं द्वारा गणगौर मैया का चल-समारोह निकाला जो प्राचीन चतुर्भुज नाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर समाज की प्रीति विजयवर्गीय, पूजा विजयवर्गीय, वरिष्ठ महिला कृष्णा विजयवर्गीय, मंजू विजयवर्गीय, शकुन विजयवर्गीय, वंदन विजयवर्गीय, जूल विजयवर्गीय, चंद्रेश विजयवर्गीय, सरोज विजयवर्गीय, नम्रता विजयवर्गीय, रिंकू विजयवर्गीय, नमिता विजयवर्गीय सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

### समय सीमा बीत जाने के बाद भी जानकारी नहीं कराई उपलब्ध

# शिक्षा विभाग में मजाक बना सूचना का अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश की अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग में इसका मजाक बनाया जा रहा। ताजा मामला तब सामने आया जब एक आवेदक द्वारा मांगी गई जानकारी के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ के स्पष्ट आदेश के बावजूद भी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया।

आवेदक ने शिक्षा विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के तहत मांगी थी, लेकिन समय सीमा बीत जाने के बाद भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद मामला जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ तक पहुंचा, जहां से संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर को तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए, लेकिन उनके निर्देश को सारंगपुर के अधिकारी कोई तवज्जो नहीं दे रहे। इस पूरे घटनाक्रम से साफ जाहिर होता है कि विभागीय स्तर पर सूचना के अधिकार कानून की अनदेखी की जा रही है।




आवेदक ने आरोप लगाया है कि अधिकारी जानबूझकर जानकारी छिपा रहे हैं, जिससे विभागीय अनियमितताओं पर पर्दा डाला जा सके। वहीं, इस मामले में उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता भी सवालों के घेरे में है। ऐसे में यदि जिम्मेदार अधिकारी ही कानून का पालन नहीं करेंगे, तो आम नागरिकों को न्याय कैसे मिलेगा। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

#### इनका कहना है...

संबंधित के द्वारा मांगी गई जानकारी को तैयार की जा रही है, जल्द ही जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

सुरेश वीरमाल, ब्लाक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर

# विश्व शांति एवं जनकल्याण यात्रा का किया स्वागत



**सारंगपुर।** महामंडलेश्वर घूमेश्वर धाम पवाया ग्वालियर अनिरुद्धवन महाराज के सानिध्य में घूमेश्वर धाम से महाकालेश्वर धाम तक निकाली जा रही विश्व शांति एवं जनकल्याण यात्रा का पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया। इस यात्रा में नगर के नागरिकों ने शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर ने कहा कि आज जब पूरा विश्व अशांति, संघर्ष और असंतुलन से जूझ रहा है, ऐसे समय में भारत की सनातन संस्कृति सदैव शांति, सद्भाव और सहअस्तित्व का संदेश देती आई है। इस भावना को और प्रबल करने की आवश्यकता है। दूसरों के हित के समान कोई धर्म नहीं और दूसरों को कष्ट देने जैसा कोई अधर्म नहीं। यात्रा प्रभारी प्रदीप सादानी ने बताया कि नगर में अतिथि देवो की परंपरा है, जिसे हम सब निर्वाह कर हमारे सभी मित्र मंडल साथियों ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, पूर्व नपाध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष धुरव भल्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी सहित अन्य शामिल थे।